अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबाल एशिया कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे बीजापुर के तीन खिलाड़ी

चर्चा में क्यों?

28 मई, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जापान में होने वाले अंडर-18 एशिया कप सॉफ्टबाल मैच के लिये भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ के चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें बीजापुर के तीन खिलाड़ी शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- अंडर-18 एशिया कप सॉफ्टबाल मैच के लिये भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ के बीजापुर से जिन तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, उनमें राकेश कड़ती, सुशील कुड़यिम और त्रलिश उद्दे शामिल हैं।
- राकेश कड़ती मूलरूप से बीजापुर के सुदूर इलाके आवापल्ली के रहने वाले हैं, इसके साथ ही सुशील कुड़यिम पड़िमपाल भैरमगढ़ के अंदरूनी इलाके से हैं। त्रलिश उद्दे मंगापेटा कुटरू के रहने वाले हैं।
- गौरतलब है कि जापान के कोची शहर में अंडर-18 अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्ट बाल एशिया कप 23 से 26 जून, 2023 तक आयोजन किया जाएगा।
- सॉफ्टबाल खिलाड़ी राकेश कड़ती के पिता को बचपन में नक्सलियों द्वारा मार दिया गया था और माँ का भी देहांत हो गया। 4 साल की उम्र में इन्हें सीआरपीएफ के जवानों द्वारा बीजापुर में संचालित (टुमारो फाउंडेशन) बाल गृह के सुपुर्द कर दिया गया था, जहाँ रहकर उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा को निखारा।
- राकेश कड़ती बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में सॉफ्टबाल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब तक 8 नेशनल गेम खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 5 अलग-अलग मेडल हासिल किये हैं। राकेश कक्षा 9वीं में शासकीय विद्यालय बीजापुर में पढ़ाई कर रहा है और वह सॉफ्टबाल का कोच बनना चाहता है।
- सुशील कुड़यिम ने भी 5 नेशनल गेम खेले हैं, जो भैरमगढ़ के अंदरूनी क्षेत्र से हैं। त्रलिश सॉफ्टबाल खेल का सीनियर खिलाड़ी है और अपने पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा में वनरक्षक के पद पर पदस्थ है। त्रलिश बीजापुर के अंदरूनी इलाकों में जाकर बच्चों को बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के संबंध में बताते और साथ ही उन्हें खेल में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करते हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-players-from-bijapur-will-represent-indian-team-in-international-softball-asia-cup